# जवाहर नवोदय विद्यालय


## कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा

## खण्ड I मानसिक योग्यता परीक्षण

### भाग I


**निर्देश** (प्र.सं. 1-4) *प्रत्येक प्रश्न में चार आकृतियाँ* (1), (2), (3) *और* (4) *दर्शायी गई हैं। इन चार आकृतियों में से तीन आकृतियाँ किसी विधि से एकसमान हैं; जबकि एक आकृति अन्य से भिन्न है। अन्य से भिन्न आकृति का चयन करें।*

**1.**




(1) (2) (3) (4)

**2.**



(1) (2) (3) (4)

**3.**



(1) (2) (3) (4)

**4.**





(1) (2) (3) (4)


### भाग II

**निर्देश** (प्र.सं. 5-8) *नीचे एक प्रश्न आकृति तथा चार उत्तर आकृतियाँ* (1), (2), (3) *और* (4) *दी गई हैं। उत्तर आकृतियों में से प्रश्न आकृति के समरूप आकृति चुनें।*

**5. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**6. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**7. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**8. प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग III

**निर्देश** (प्र.सं. 9-12) *नीचे एक प्रश्न आकृति दी गई है जिसका एक भाग लुप्त दर्शाया गया है। दी गई उत्तर आकृतियों* (1), (2), (3) *और* (4) *पर गौर करें तथा उस उत्तर आकृति का पता लगाएँ जिसको बिना दिशा परिवर्तन के प्रश्न आकृति का पैटर्न पूरा करने के लिए प्रश्न आकृति के लुप्त भाग में रखा जा सके।*

**9. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**10. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**11. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**12. प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग IV

**निर्देश** (प्र.सं. 13-16) *नीचे तीन प्रश्न आकृतियाँ दर्शायी गई हैं तथा चौथी आकृति के लिए स्थान छोड़ा गया है। प्रश्न आकृतियाँ श्रेणीक्रम में हैं। श्रेणीक्रम को पूरा करने के लिए उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन करें जिसे प्रश्न आकृति के खाली स्थान में प्रतिस्थापित किया जा सके।*

**13. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**14. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**15. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**16. प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग V

**निर्देश** (प्र.सं. 17-20) *निम्नलिखित प्रश्नों में तीन आकृतियों के बाद चौथी आकृति के स्थान पर एक प्रश्नवाचक चिह्न (?) दिया गया है। पहली दो प्रश्न आकृतियों में परस्पर एक सम्बन्ध है। इसी प्रकार तीसरी व चौथी प्रश्न आकृतियों के बीच भी वही सम्बन्ध होना चाहिए। उत्तर आकृतियों में से वह आकृति चुनिए, जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर ठीक बैठ सके।*

**17. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**18. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**19.** **प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**20.** **प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग VI

**निर्देश** (प्र.सं. 21-24) *निम्नलिखित प्रश्नों में, प्रश्न आकृति के रूप में ज्यामितीय आकृतियों (त्रिभुज, वर्ग, वृत्त) के एक भाग को दर्शाया गया है तथा दूसरे भाग को उत्तर आकृतियों* (1), (2), (3) *और* (4) *से दर्शाया गया है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन करें, जो प्रश्न आकृति को पूर्ण करेगी।*

**21.** **प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**22.** **प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**23.** **प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**24.** **प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग VII

**निर्देश** (प्र.सं. 25-28) *निम्नलिखित प्रश्नों में, एक प्रश्न आकृति तथा चार उत्तर आकृतियाँ* (1), (2), (3) *और* (4) *दी गई हैं। किसी दर्पण को* XY *के अनुदिश रखे जाने पर प्रश्न आकृति के सही दर्पण प्रतिबिम्ब को उत्तर आकृतियों में से चुनें।*

**25. प्रश्न आकृति**





**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**26. प्रश्न आकृति**





**उत्तर आकृतियाँ**



(1) (2) (3) (4)

**27. प्रश्न आकृति**





**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**28. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग VIII

**निर्देश** (प्र.सं. 29-32) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कागज के टुकड़े को प्रश्न आकृति में दिए गए ढंग से मोड़ा व काटा (पंच किया) गया है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन करें, जो कागज को काटने (पंच करने) के बाद खोलने पर दिखाई देगी।*

**29. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**30. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**31. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**32. प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग IX

**निर्देश** (प्र.सं. 33-36) *निम्नलिखित प्रश्नों में, एक प्रश्न आकृति तथा चार उत्तर आकृतियाँ* (1), (2), (3) *और* (4) *दी गई हैं। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन करें जिसे प्रश्न आकृति में दिए गए टुकड़ों से बनाया जा सकता हो।*

**33. प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**34. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**35. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**36. प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)


## भाग X

**निर्देश** (प्र.सं. 37-40) *निम्नलिखित प्रश्नों में, एक प्रश्न आकृति तथा चार उत्तर आकृतियाँ (1), (2), (3) और (4) दी गई हैं। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति को चुनें जिसमें प्रश्न आकृति छिपी/सम्मिलित है।*

**37. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**38. प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**39. प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(1) (2) (3) (4)

**40. प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



(1) (2) (3) (4)

# खण्ड II अंकगणित परीक्षण

**41.** दो लाख दो हजार को अंकों द्वारा लिखने पर प्राप्त होता है
(1) 20200 (2) 200200 (3) 202000 (4) 22000

**42.** 6 अंकों की छोटी-से-छोटी संख्या तथा 4 अंकों की बड़ी-से-बड़ी संख्या में अन्तर है
(1) 1 (2) 90000 (3) 90001 (4) 900001

**43.** $3(13+6\times7)\div(11\times3)-(12-4\times2)$ को सरल करने पर प्राप्त होता है
(1) 0 (2) 1 (3) 2 (4) 9

**44.** प्रथम चार अभाज्य संख्याओं का योगफल क्या है?
(1) 10 (2) 11 (3) 26 (4) 17

**45.** $12\frac{1}{16}$ का दशमलव समतुल्य है
(1) 12.625 (2) 12.6025 (3) 12.0625 (4) 12.0525

**46.** वह कौन-सी संख्या है, जो 4, 8 और 6 तीनों संख्याओं का गुणज है?
(1) 396 (2) 664 (3) 696 (4) 5432

**47.** वह बड़ी-से-बड़ी संख्या, जो 270 तथा 426 को भाग करने पर प्रत्येक अवस्था में 6 शेषफल देती है, है
(1) 12 (2) 22
(3) 30 (4) 36

**48.** 7.7, 7.07, 7.007 तथा 77.0077 का योगफल है
(1) 98.7807 (2) 98.7847
(3) 98.7877 (4) 98.7777

**49.** $3.003\times15+0.0123+5.002575$ को सरल करने पर मान आता है, लगभग
(1) 48 (2) 49 (3) 50 (4) 51

**50.** एक रेलगाड़ी दिल्ली से सुबह 8:15 बजे चलती है तथा अजमेर दोपहर 2:30 बजे पहुँचती है। रेलगाड़ी द्वारा दिल्ली से अजमेर पहुँचने में लगा समय है
(1) 10 घण्टे 45 मिनट (2) 6 घण्टे 15 मिनट
(3) 6 घण्टे 30 मिनट (4) 6 घण्टे

**51.** एक मैच कुल आधा घण्टा चलता है। मैच के समय का $\frac{1}{10}$ भाग टाइम-आउट के लिए लिया जाता है। यह टाइम-आउट कितने मिनट का होता है?
(1) 5 मिनट (2) 3 मिनट
(3) 6 मिनट (4) 4 मिनट

**52.** यदि $\frac{x}{25} = \frac{196}{x}$ है, तो $x$ का मान है
(1) 56 (2) 70
(3) 84 (4) 42

**53.** एक वस्तु ₹7500 में खरीदी जाती है और ₹8400 में बेची जाती है। लाभ प्रतिशत है
(1) 8% (2) 10%
(3) 12% (4) $10\frac{5}{7}$%

**54.** $A$ एक रेडियो को उसके अंकित मूल्य के $\frac{3}{4}$ में खरीदता है तथा इसे अंकित मूल्य से 20% अधिक पर बेच देता है। $A$ का प्रतिशत लाभ क्या है?
(1) 30% (2) 45%
(3) 60% (4) 75%

**55.** निम्नलिखित व्यंजक का (पूर्ण संख्या में) निकटतम मान ज्ञात कीजिए।
$349 \times 51 + (632 \div 31)$
(1) 17522 (2) 17520 (3) 17821 (4) 17521

**56.** एक राशि 16 वर्ष में साधारण ब्याज से दोगुनी हो जाती है। वार्षिक दर होगी
(1) 10% (2) $6\frac{1}{4}$% (3) 8% (4) 16%

**57.** यदि एक समकोण त्रिभुज की दो लम्बवत् भुजाएँ 5 सेमी तथा 12 सेमी हैं, तो इस त्रिभुज का परिमाप है
(1) 13 सेमी (2) 17 सेमी (3) 27 सेमी (4) 30 सेमी

**58.** दिया गया है कि $154 \times 18 = 2772$, तो $27.72 \div 18$ का मान क्या है?
(1) 1.54 (2) 15.4 (3) 154 (4) 1540

**59.** क्रिकेट के एक खिलाड़ी की 24 पारियों में रनों का औसत 28 है। वह 25वीं पारी में कितने रन बनाए ताकि उसका औसत 29 हो जाए?
(1) 1 (2) 24 (3) 35 (4) 53

**60.** एक विद्यालय में विद्यार्थियों का $\frac{3}{5}$ लड़के हैं तथा लड़कियों की संख्या 800 है। लड़कों की संख्या है
(1) 800 (2) 1000 (3) 1200 (4) 2000

# खण्ड III भाषा परीक्षण (हिन्दी)

**निर्देश** (प्र.सं. 61-80) *इस खण्ड में चार अनुच्छेद हैं। प्रत्येक अनुच्छेद पर पाँच प्रश्न हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं, जिनकी क्रम संख्या* (1), (2), (3) *और* (4) *है। इनमें से केवल एक उत्तर ही सही है। सही उत्तर चुनें।*

## अनुच्छेद 1

दीपक उत्साहित था। वह अपने चाचाजी और चचेरे भाई-बहन प्रीत और रिया के साथ रविवार को पिकनिक पर जा रहा था। उसने अपने तैराकी के सामान, नाश्ते और खेलने के सामान को अपने एक पिट्ठू बैग में रख लिया। वे सुबह छः बजे चल दिए। बहुत दूर तक गाड़ी चलाने के बाद वे पिकनिक के स्थान पर सुबह नौ बजे पहुँच गए। यह गाँव में एक फार्महाउस था। उन्होंने गाँव के चारों ओर घूमकर धान के खेत देखे और जाना कि चावल कैसे उगाया जाता है। वे पेड़ों पर चढ़े और आम तथा अमरूद तोड़े। दोपहर को एक पेड़ के नीचे बैठकर उन्होंने दोपहर का भोजन किया। जब चाचाजी ने कहा कि अब घर लौटने का समय है, तो वे और देर तक ठहरना चाहते थे क्योंकि उन्हें गाँव बहुत अच्छा लगा।

**61.** 'उत्साहित' शब्द का अर्थ है
(1) विश्वस्त (2) बहुत प्रसन्न (3) व्यस्त (4) निराश

**62.** दीपक और उसके चचेरे भाई-बहन ........।
(1) गाँव में ऊब गए (2) ने पिकनिक का आनन्द लिया
(3) घर वापस आना चाहते थे (4) पेड़ों पर न चढ़ सके

**63.** दीपक अपने ......... के साथ पिकनिक पर गया।
(1) माता-पिता (2) चाचाजी और चचेरे भाई-बहन
(3) मित्रों (4) बहन

**64.** पिकनिक का स्थान एक .......... में था।
(1) पार्क (2) समुद्र-तट
(3) गाँव (4) तरण-ताल

**65.** चाचाजी ने दीपक को दिखाया कि कैसे ........।
(1) हम खाते हैं
(2) तैरते हैं
(3) गाड़ी चलाते हैं
(4) चावल उगाते हैं

## अनुच्छेद 2

क्या आपने रस्सा-कशी का खेल खेला है? यह एक रोचक खेल है। रस्सा-कशी का खेल खेलने के लिए आपको कुछ खुली जगह, एक लम्बी एवं मजबूत रस्सी और खिलाड़ियों की दो टीमों की आवश्यकता होती है। खेल तभी रोचक होगा जब दोनों टीमें बराबर मजबूत होंगी। दोनों टीमों के बीच एक रेखा खींच दी जाती है। जो टीम खींची जाती है और बीच की रेखा पार करने को बाध्य कर दी जाती है, खेल हार जाती है। टीम के सबसे शक्तिशाली सदस्य को चाहिए कि वह रस्सी के अन्तिम छोर को मजबूती से पकड़े रहे और टीम को संगठित होकर रस्सी को खींचना चाहिए। खेलने के स्थान से पत्थरों को साफ कर देना चाहिए अन्यथा उनसे चोट लग सकती है।

**66.** रस्सा-कशी है ..........।
(1) एक युद्ध (2) एक रस्सी (3) एक खेल (4) एक लड़ाई

**67.** 'रस्सा-कशी' में हम ..........।
(1) मुक्केबाजी करते हैं (2) छुपा-छुपी करते हैं
(3) रस्सी खींचते हैं (4) बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं

**68.** रस्सी के अन्तिम छोर को पकड़ने वाला टीम का ........ सदस्य होता है।
(1) सबसे लम्बा (2) सबसे छोटा
(3) सबसे शक्तिशाली (4) सबसे युवा

**69.** टीम, जो बीच की रेखा के पार खींच ली जाती है, ..........।
(1) विजयी होती है (2) हार जाती है
(3) सफल होती है (4) को दूसरा अवसर दिया जाता है

**70.** 'संगठित' शब्द का अर्थ है
(1) साथ-साथ
(2) लड़ाई
(3) खींचना
(4) विजयी होना

## अनुच्छेद 3

शरीर का भार कम करने या स्वस्थ भार बनाए रखने के लिए केवल दो साधारण नियम हैं। वे हैं— कम वसा और शर्करा वाला सन्तुलित भोजन करना और अधिक व्यायाम करना। भार कम करने के लिए आपको भूखे रहने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि आप चीनी, केक, बिस्कुट कम लें तथा अधिक फल और सब्जियाँ खाएँ और पर्याप्त पानी पिएँ, तो आपका भार कम हो जाएगा और आप अधिक स्वस्थ हो जाओगे। प्रतिदिन सैर के लिए जाएँ या साइकिल चलाएँ। टेलीविजन देखने या वीडियो गेम्स खेलने के स्थान पर अधिक सक्रिय रहें।

**71.** हम स्वस्थ कैसे रह सकते हैं?
(1) केवल बिस्कुट खाकर
(2) केवल व्यायाम करके
(3) सन्तुलित भोजन खाकर और व्यायाम करके
(4) अधिक फल खाकर

**72.** भार कम करने के लिए हमें क्या अधिक खाना चाहिए?
(1) चीनी और केक (2) फल और सब्जियाँ
(3) बिस्कुट और चीनी (4) बिस्कुट और फल

**73.** स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या अधिक पीना चाहिए?
(1) कोला पेय (2) फलों का रस
(3) पानी (4) सब्जियों का रस

**74.** कौन-सा व्यायाम सबके लिए अच्छा है?
(1) सैर करना और साइकिल चलाना
(2) पतंग उड़ाना
(3) वीडियो गेम्स खेलना
(4) टेलीविजन देखना

**75.** 'सक्रिय' शब्द का विलोम शब्द क्या है?
(1) सुस्त
(2) निष्क्रिय
(3) इच्छुक
(4) ऊर्जावान

## अनुच्छेद 4

शरद ऋतु गर्मी और जाड़े के मौसम के बीच आती है। इस सुन्दर ऋतु में बहुत-से परिवर्तन होते हैं। दिन छोटे हो जाते हैं। पेड़ों की पत्तियाँ हरे रंग से बदलकर जीवन्त लाल, पीली और नारंगी हो जाती हैं। वस्तुतः पत्तियों को हरा बनाए रखने के लिए पेड़ों को धूप चाहिए। धूप के बिना पत्तियाँ पीली हो जाती हैं। घास पर अब ओस नहीं बिछी होती, बल्कि प्रायः प्रत्येक प्रातःकाल को पाला पड़ता है क्योंकि तापमान हिमबिन्दु तक जा पहुँचता है। पशु जाड़े के लम्बे महीनों के लिए पर्याप्त भोजन एकत्र करने लगते हैं। ये परिवर्तन तब होते हैं जब हम ग्रीष्मकाल की गर्मी से शीतकाल की सर्दी के अनुकूल हो रहे होते हैं।

**76.** ग्रीष्म और .......... के बीच शरद ऋतु आती है।
(1) जनवरी (2) बसन्त (3) शीत (4) अयनान्त

**77.** शरद ऋतु में निम्नलिखित में से क्या परिवर्तन हो सकता है?
(1) दिन छोटे होते हैं (2) इसमें बहुत गर्मी पड़ती है
(3) दिन बड़े होते हैं (4) अधिक धूप होती है

**78.** शरद ऋतु में पत्तियाँ पीली हो जाती हैं, क्योंकि
(1) उन्हें पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती
(2) उन्हें पर्याप्त प्रकाश नहीं मिलता
(3) उन्हें पर्याप्त जल नहीं मिलता
(4) उनमें बहुत अधिक ऑक्सीजन एकत्रित होती है

**79.** शरद ऋतु के बीतने की तैयारी करते हुए पशु क्या करते हैं?
(1) भोजन एकत्र करते हैं (2) कम भोजन खाते हैं
(3) फर गिरा देते हैं (4) रंग बदल लेते हैं

**80.** 'बिछी होती' के लिए दूसरा शब्द हो सकता है
(1) घास वाली (2) ऊनी (3) ढकी हुई (4) बढ़ती हुई